रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 05/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** जब एक वस्तु को वतल दर्पण के सामने 10 cm की दूरी पर रखा जाता है तब अवतल दर्पण 20 cm की दूरी पर एक प्रतिबिंब बनाता है। इस दर्पण की फोकस दूरी कितनी है?

**Ans**
- ✔ A. 20 cm
- ✗ B. 30 cm
- ✗ C. 10 cm
- ✗ D. 40 cm

**Q.2** तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट के साथ अभिक्रिया होने पर निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण सही है?

**Ans**
- ✔ A. एक रंगहीन गैस का त्वरित निर्माण, जो चूने का पानी दूधिया कर देती है
- ✗ B. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के भूरे धुएँ का निर्माण
- ✗ C. पॉप ध्वनि के साथ हाइड्रोजन गैस का निर्माण
- ✗ D. केवल लवण और जल का निर्माण

**Q.3** प्लाज़्मा झिल्ली को वरणतः पारगम्य (selectively permeable) क्यों कहा जाता है?

**Ans**
- ✔ A. यह केवल कुछ पदार्थों को ही भीतर या बाहर जाने देती है।
- ✗ B. यह अवांछित पदार्थों को विलीन कर देती है।
- ✗ C. यह सभी पदार्थों को प्रवेश करने से रोकती है।
- ✗ D. यह सभी पदार्थों को स्वतंत्र रूप से गुजरने देती है।

**Q.4** आण्विक द्रव्यमान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

कथन 1: किसी पदार्थ का आणविक द्रव्यमान उस पदार्थ के अणु में उपस्थित सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों का योग होता है।
कथन 2: इसे अणु का आपेक्षिक द्रव्यमान भी कहा जाता है।
कथन 3: इसे परमाणु द्रव्यमान इकाइयों (u) के रूप में व्यक्त किया जाता है।

**Ans**
- ✗ A. केवल कथन 1 और 2 सही हैं।
- ✗ B. केवल कथन 2 और 3 सही हैं।
- ✗ C. केवल कथन 1 और 3 सही हैं।
- ✔ D. कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

| | |
|---|---|
| Q.5 | निम्नलिखित में से कौन-सी, सिंचाई की विधि नहीं है? |
| Ans | ✗ A. रिवर लिफ्ट प्रणालियाँ (River lift systems) |
| | ✗ B. नहरें (Canals) |
| | ✗ C. कूप (Wells) |
| | ✓ D. रोधी बाँध (Check dams) |

| | |
|---|---|
| Q.6 | यदि किसी तरंग की चाल 300 m/s है और इसकी तरंगदैर्घ्य 0.75 m है, तो तरंग की आवृत्ति _________ है। |
| Ans | ✗ A. 75 Hz |
| | ✗ B. 300 Hz |
| | ✓ C. 400 Hz |
| | ✗ D. 225 Hz |

| | |
|---|---|
| Q.7 | निम्नलिखित में से कौन-सी जनन विधि, समष्टि में अधिक विविधता उत्पन्न करेगी? |
| Ans | ✓ A. लैंगिक जनन (Sexual reproduction) |
| | ✗ B. खंडन (Fragmentation) |
| | ✗ C. द्वि-खंडन (Binary fission) |
| | ✗ D. मुकुलन (Budding) |

| | |
|---|---|
| Q.8 | एक विद्युत बल्ब की रेटेड शक्ति 110 वाट - 220 वोल्ट है। बल्ब द्वारा ली गई धारा ................है। |
| Ans | ✗ A. 2 A |
| | ✓ B. 0.5 A |
| | ✗ C. 20 A |
| | ✗ D. 24,200 A |

| | |
|---|---|
| Q.9 | धातु कार्बोनेट की हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया से निकलने वाली गैस चूने के पानी को दूधिया रंग में बदल देती है। निकलने वाली गैस ................ है। |
| Ans | ✗ A. क्लोरीन (Chlorine) |
| | ✓ B. कार्बन डाइऑक्साइड (Carbon dioxide) |
| | ✗ C. कार्बन मोनोऑक्साइड (Carbon monoxide) |
| | ✗ D. हाइड्रोजन (Hydrogen) |

| | |
|---|---|
| Q.10 | फसलों को उनकी वृद्धि चक्र के दौरान इष्टतम समय पर पानी उपलब्ध कराने से प्रत्यक्ष रूप से कौन-सा परिणाम प्राप्त होता है? |
| Ans | ✗ A. पीड़कों के प्रति सुभेद्यता में वृद्धि |
| | ✓ B. उच्च अपेक्षित उपज |
| | ✗ C. पोषक तत्वों के अवशोषण में कमी |
| | ✗ D. विलंबित परिपक्वता |

| | |
|---|---|
| Q.11 | निलंबन विलयनों से भिन्न होते हैं, क्योंकि________________। |
| Ans | ✗ A. इनका विलेय पूर्ण रूप से विलीन हो जाता है |
| | ✗ B. ये पारदर्शी होते हैं |
| | ✗ C. इनके कण स्थायी रहने पर जमते नहीं हैं |
| | ✓ D. इन्हें नग्न आंखों से देखा जा सकता है |

| | |
|---|---|
| Q.12 | निम्न में से कौन-सा कथन पादप-काय में विभज्योतक ऊतक के स्थान को सही तरीके से निरूपित करता है? |
| Ans | ✗ A. संपूर्ण पादप-काय पर |
| | ✗ B. कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में |
| | ✓ C. तने के आधार पर |
| | ✗ D. पत्तियों की नोक पर |

| | |
|---|---|
| Q.13 | अत्यधिक व्यायाम के बाद हमें पेशियों में ऐंठन का अनुभव क्यों होता है? |
| Ans | ✗ A. क्योंकि पेशियाँ संकुचन करना बंद कर देती हैं |
| | ✗ B. शरीर के तापमान में कमी के कारण |
| | ✗ C. क्योंकि व्यायाम के दौरान रक्त प्रवाह पूरी तरह से रुक जाता है |
| | ✓ D. लैक्टिक अम्ल के संचय के कारण |

| | |
|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सी विधि पौधों में अलैंगिक प्रजनन का उदाहरण है? |
| Ans | ✗ A. परागण |
| | ✗ B. निषेचन |
| | ✗ C. अंकुरण |
| | ✓ D. वनस्पति प्रवर्धन |

| | |
|---|---|
| Q.15 | एक व्यक्ति 22 kg द्रव्यमान के एक पत्थर को 4 m की ऊर्ध्वाधर उच्चता तक उठाता है। उसके द्वारा किए गए कार्य की गणना कीजिए। ($g = 10\ m/s^2$ लीजिए) |
| Ans | ✗ A. 220 J |
| | ✗ B. 400 J |
| | ✗ C. 55 J |
| | ✓ D. 880 J |

| | |
|---|---|
| Q.16 | दो कार्बन परमाणुओं और एक हाइड्रॉक्सिल (–OH) प्रकार्यात्मक समूह वाले कार्बनिक यौगिक का IUPAC नाम क्या है? |
| Ans | ✗ A. मेथेनैल (Methanal) |
| | ✗ B. प्रोपेनोन (Propanone) |
| | ✗ C. एथेनोइक अम्ल (Ethanoic acid) |
| | ✓ D. एथेनॉल (Ethanol) |

| | |
|---|---|
| Q.17 | निम्नलिखित में से किस प्रेक्षण की व्याख्या रदरफोर्ड के परमाणु मॉडल द्वारा नहीं की जा सकी? |
| Ans | ✗ A. परमाणु में धनावेशित नाभिक की उपस्थिति |
| | ✓ B. त्वरित इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति के बावजूद परमाणु के स्थायित्व |
| | ✗ C. नाभिक के परित: इलेक्ट्रॉनों का वितरण |
| | ✗ D. ऐल्फा कणों का बड़े कोणों पर विक्षेपण |

| | |
|---|---|
| Q.18 | दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही विकल्प चुनें।<br><br>(A): मेंडल ने अपने प्रयोगों के लिए मटर के पौधों को इसलिए चुना क्योंकि उन्हें उगाना आसान था और उनमें विशिष्ट विपरीत गुण पाए जाते थे।<br>(R): मटर के पौधे अलैंगिक रूप से प्रजनन करते हैं, जिससे मेंडल आसानी से संकरों को नियंत्रित कर पाते थे। |
| Ans | ✓ A. A सत्य है, लेकिन R असत्य है |
| | ✗ B. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है |
| | ✗ C. A असत्य है, लेकिन R सत्य है |
| | ✗ D. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है |

| Q.19 | निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक सही लेंस सूत्र को निरूपित करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1/v + 1/u = f |
| | ✗ B. 1/v – 1/u = f |
| | ✓ C. 1/v – 1/u = 1/f |
| | ✗ D. 1/v + 1/u = 1/f |

| Q.20 | जब वायुरोधी डाट वाली एक खाली प्लास्टिक की बोतल को जल से भरी बाल्टी में गहराई तक धकेला जाता है, तो अधोमुखी धक्के (downward push) का प्रतिरोध करने वाला वर्धमान ऊर्ध्वगामी बल, ____________ कहलाता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. गुरुत्वाकर्षण बल |
| | ✓ B. उत्प्लावन बल (या उत्प्लावक बल) |
| | ✗ C. वायुमंडलीय दाब |
| | ✗ D. पृष्ठ तनाव |

| Q.21 | ऐलिफैटिक कार्बन यौगिकों में बनने वाले आबंध की प्रकृति कैसी होती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उपसहसंयोजक |
| | ✗ B. हाइड्रोजन |
| | ✗ C. आयनिक |
| | ✓ D. सहसंयोजक |

| Q.22 | 10 m/s की चाल से चलती हुई 1000 kg की एक कार को एक स्थिर ब्रेकिंग बल द्वारा 5 सेकंड में विरामावस्था में लाया जाता है। बल का परिमाण क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 3000 N |
| | ✓ B. 2000 N |
| | ✗ C. 1500 N |
| | ✗ D. 2500 N |

| Q.23 | यदि किसी चालक में धारा की दिशा उत्क्रमित कर दी जाए, तो उस पर लगने वाले बल की दिशा ____________। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. समान रहेगी |
| | ✓ B. उत्क्रमित हो जाएगी |
| | ✗ C. दोगुनी हो जाएगी |
| | ✗ D. शून्य हो जाएगी |

| Q.24 | यदि कोई वस्तु बिंदु A से बिंदु B (50 m पूर्व) तक जाती है और 10 सेकंड में बिंदु A पर वापस आती है, तो इसका औसत वेग ................है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 m/s |
| | ✗ B. –10 m/s |
| | ✗ C. 10 m/s |
| | ✓ D. 0 m/s |

| Q.25 | डिटर्जेंट निम्नलिखित में से किसमें कार्य कर सकते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. कठोर और मृदु जल दोनों |
| | ✗ B. केवल शीतल जल |
| | ✗ C. केवल गर्म जल |
| | ✗ D. केवल आसुत जल |

Section : **Mathematics**

| Q.26 | 25 पेन के क्रय मूल्य पर 20 पेन बेचने पर लाभ प्रतिशत कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 20% |
| | ✓ B. 25% |
| | ✗ C. 35% |
| | ✗ D. 28% |

| Q.27 | एक पाइप एक टैंक को 9 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 36 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टैंक का आधा हिस्सा भरने में कितने मिनट लगेंगे? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 7 |
| | ✓ B. 6 |
| | ✗ C. 12 |
| | ✗ D. 13 |

| Q.28 | एक रेलगाड़ी रेलवे ट्रैक के अनुदिश चल रहे दो व्यक्तियों को पीछे छोड़ देती है। पहला व्यक्ति 10.8 km/hr की चाल से चल रहा है और दूसरा व्यक्ति 21.6 km/hr की चाल से चल रहा है। रेलगाड़ी उन्हें पूरी तरह से पार करने में क्रमशः 15 सेकंड और 20 सेकंड का समय लेती है। यदि दोनों व्यक्ति रेलगाड़ी की दिशा में ही चल रहे हैं, तो रेलगाड़ी की चाल कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 45 km/hr |
| | ✗ B. 50 km/hr |
| | ✗ C. 64 km/hr |
| | ✓ D. 54 km/hr |

| Q.29 | एक टाइपिस्ट को 2 पेज टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। 87 पेज टाइप करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1745 |
| | ✗ B. 1730 |
| | ✓ C. 1740 |
| | ✗ D. 1750 |

| Q.30 | रवीना और सरिता के बीच ₹8,118 को 3 : 15 के अनुपात में विभाजित करें, फिर सरिता का हिस्सा ज्ञात करें। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. ₹6,765 |
| | ✗ B. ₹6,767 |
| | ✗ C. ₹6,763 |
| | ✗ D. ₹6,768 |

| Q.31 | एक आयत का परिमाप 54 cm है। इसकी लंबाई, चौड़ाई के दोगुने से 3 cm अधिक है। चौड़ाई ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 10 cm |
| | ✗ B. 9 cm |
| | ✗ C. 6 cm |
| | ✓ D. 8 cm |

| Q.32 | 9 cm त्रिज्या वाले एक ठोस धातु के गोले को पिघलाकर 3 cm त्रिज्या वाली छोटी गोलाकार गेंदे बनाई जाती हैं। बनने वाली ऐसी छोटी गेंदों की संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 27 |
| | ✗ B. 24 |
| | ✗ C. 21 |
| | ✗ D. 32 |

| Q.33 | एक लंब वृत्तीय बेलन का आयतन 13,860 $cm^3$ और आधार की परिधि 66 cm है। बेलन की ऊँचाई कितनी है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 45 cm |
| | ✗ B. 39 cm |
| | ✗ C. 53 cm |
| | ✓ D. 40 cm |

| Q.34 | एक 20 m ऊँची इमारत के शीर्ष पर खड़ा एक पर्यवेक्षक ज़मीन पर एक बिंदु को देख रहा है। यदि उस बिंदु तक दृष्टि रेखा नीचे की ओर 45° का कोण बनाती है, तो इमारत के आधार से उस बिंदु तक क्षैतिज दूरी कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 40 m |
| | ✗ B. $20\sqrt{2}$ m |
| | ✗ C. 10 m |
| | ✓ D. 20 m |

| Q.35 | अक्षत और नेहा ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹57,000 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹8,000 के कुल लाभ में से अक्षत का हिस्सा ₹2,200 था। अक्षत का निवेश कितना था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹15,355 |
| | ✓ B. ₹15,675 |
| | ✗ C. ₹16,645 |
| | ✗ D. ₹17,445 |

| Q.36 | प्रेक्षणों 53, 63, 79, 40, 34, 88, 34, 25 और 25 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 49 |
| | ✗ B. 50 |
| | ✗ C. 44 |
| | ✗ D. 42 |

| Q.37 | यदि किसी संख्या का 20%, 96 में जोड़ा जाए, तो परिणाम वही संख्या प्राप्त होती है। उसी संख्या का 70%,___________होगा। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 114 |
| | ✗ B. 94 |
| | ✓ C. 84 |
| | ✗ D. 104 |

| Q.38 | एक त्रिभुज की भुजाएँ 85 cm, 13 cm और 84 cm हैं। 13 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसकी ऊँचाई कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 55 cm |
| | ✗ B. 126 cm |
| | ✗ C. 101 cm |
| | ✓ D. 84 cm |

| Q.39 | यदि 2622 m लंबी ट्रेन एक खंभे को 57 सेकंड में पार करती है, तो ट्रेन द्वारा 736 m लंबे प्लेटफॉर्म को पार करने में लिया गया समय (सेकंड में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 73 |
| | ✗ B. 74 |
| | ✗ C. 63 |
| | ✗ D. 83 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.40 | यदि $2^x = 8$ और $3y = 27$ है, तो $(2^{x+1} \times 3y - 2)$ का मान ज्ञात कीजिये। | |
| Ans | ✗ A. 81 | |
| | ✗ B. 121 | |
| | ✓ C. 48 | |
| | ✗ D. 144 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.41 | एक वॉशिंग मशीन की कीमत, एक TV की कीमत से 16% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 80% बढ़ जाती है और TV की कीमत 44% कम हो जाती है, तो 5 वॉशिंग मशीन और 2 TV की कुल कीमत में कितना प्रतिशत परिवर्तन होगा? | |
| Ans | ✗ A. 43% की वृद्धि | |
| | ✗ B. 37% की कमी | |
| | ✓ C. 40% की वृद्धि | |
| | ✗ D. 38% की कमी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.42 | एक वस्तु को 44% की छूट पर बेचने पर, प्राप्त लाभ प्रतिशत 12% है। वस्तु का मूल्य कितने प्रतिशत बढ़ाकर अंकित किया गया है? | |
| Ans | ✗ A. 102% | |
| | ✗ B. 101% | |
| | ✗ C. 97% | |
| | ✓ D. 100% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.43 | A किसी काम को 90 दिनों में पूरा कर सकता है। B, A से 75% कम कुशल है। C, B से 80% अधिक कुशल है। यदि B और C मिलकर 30 दिनों तक काम करते हैं, तो A अकेले शेष काम को कितने दिनों में पूरा करेगा? | |
| Ans | ✓ A. 69 दिन | |
| | ✗ B. 73 दिन | |
| | ✗ C. 71 दिन | |
| | ✗ D. 68 दिन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.44 | भरत अपनी माता के लिए सोने की एक अंगूठी खरीदता है। अंगूठी का अंकित मूल्य ₹96,000 है और उस पर क्रमशः 25% और Q% की दो क्रमिक छूट दी जाती है। दोनों छूट प्राप्त करने के बाद, वह ₹18,000 का भुगतान करता है। Q का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 74 | |
| | ✗ B. 77 | |
| | ✓ C. 75 | |
| | ✗ D. 76 | |

Q.45 यदि संचयी बारंबारता 45 है, तो दिए गए आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

| वर्ग अन्तराल | 1-11 | 11-21 | 21-31 | 31-41 |
|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 10 | 11 | X | 11 |

Ans
- ✓ A. $22\frac{2}{13}$
- ✗ B. $22\frac{4}{13}$
- ✗ C. $22\frac{1}{13}$
- ✗ D. $22\frac{3}{13}$

| Q.46 | मोहन की वर्तमान आयु उसके पुत्र राकेश की आयु की तीन गुनी है। अब से चार वर्ष पहले, मोहन की आयु उसके पुत्र की उस समय की आयु की चार गुनी थी। अब से 7 वर्ष बाद राकेश की आयु (वर्ष में) कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 19 |
| | ✘ B. 12 |
| | ✘ C. 36 |
| | ✘ D. 20 |

| Q.47 | 1200 सैनिकों की एक टुकड़ी के पास 12 दिनों के लिए रसद है। यदि टुकड़ी में 600 सैनिक और बढ़ा दिए जाएँ, तो रसद कितने समय (दिन में) तक चलेगा? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 8 |
| | ✘ B. 18 |
| | ✘ C. 3 |
| | ✘ D. 28 |

| Q.48 | यदि a – b = 6 और ab = 135 है, तो (a + b) का संभावित मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 24 |
| | ✘ B. 26 |
| | ✘ C. 23 |
| | ✘ D. 27 |

| Q.49 | दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7.5% वार्षिक दर से ऋण देते हैं। चेतन ने प्रत्येक बैंक से ₹2,00,000 उधार लिए। 3 वर्षों के बाद चेतन द्वारा दोनों बैंकों को दिए गए साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 24,000 |
| | ✘ B. 25,500 |
| | ✘ C. 25,000 |
| | ✘ D. 23,500 |

| Q.50 | $\frac{2}{90}$ का कितना प्रतिशत $\frac{1}{20}$ है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 235% |
| | ✔ B. 225% |
| | ✘ C. 240% |
| | ✘ D. 450% |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>C के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। C और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।<br>B के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 1 |
| | ✔ B. 2 |
| | ✘ C. 3 |
| | ✘ D. 4 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.52 | सात डिब्बे, D, E, F, U, V, W और X, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। X के ऊपर कोई डिब्बा नहीं रखा गया है। W और V के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। E के नीचे केवल U को रखा गया है। E और W के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। D को V के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। F और U के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
| Ans | ✗ A. चार |
| | ✗ B. एक |
| | ✗ C. तीन |
| | ✓ D. दो |

| | |
|---|---|
| Q.53 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) * + 9 \ / ? > @ 5 5 / ? / 9 * 1 ? # + 6 # (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है? |
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✗ B. एक भी नहीं |
| | ✓ C. एक |
| | ✗ D. तीन |

| | |
|---|---|
| Q.54 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. XAD |
| | ✓ B. CGI |
| | ✗ C. ILO |
| | ✗ D. JMP |

| | |
|---|---|
| Q.55 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'bring hot food' को 'cf tk rg' के रूप में और 'food is good' को 'ml do cf' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'food' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
| Ans | ✗ A. tk |
| | ✗ B. ml |
| | ✗ C. do |
| | ✓ D. cf |

| | |
|---|---|
| Q.56 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>GLO NSV UZC BGJ ? |
| Ans | ✓ A. INQ |
| | ✗ B. IOP |
| | ✗ C. INO |
| | ✗ D. IQW |

| | |
|---|---|
| Q.57 | मि. अकाई बिंदु A से चलना शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 2 km ड्राइव करते हैं। फिर वे दाएँ मुड़ते हैं, 12 km ड्राइव करते हैं, दाएँ मुड़ते हैं और 21 km ड्राइव करते हैं। फिर वे दाएँ मुड़ते हैं और 23 km ड्राइव करते हैं। अंत में वे दाएँ मुड़ते हैं, 19 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं) |
| Ans | ✗ A. 7 km, पश्चिम में |
| | ✗ B. 7 km, पूर्व में |
| | ✓ C. 11 km, पश्चिम में |
| | ✗ D. 11 km, उत्तर में |

| Q.58 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>27 51 77 105 135 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 163 |
| | ✓ B. 167 |
| | ✗ C. 162 |
| | ✗ D. 170 |

| Q.59 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, GKNE का संबंध एक निश्चित तरीके से KHRB से है। उसी प्रकार, OEVY का संबंध SBZV से है। समान तर्क के अनुसरण करते हुए, WYDS का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. AVHP |
| | ✗ B. BVIO |
| | ✗ C. BUGQ |
| | ✗ D. ZWIQ |

| Q.60 | सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों।<br>D के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। D और F के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। G और E के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। E को F के ठीक ऊपर रखा गया है। G और A के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। C को B के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।<br>C के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 2 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 3 |

| Q.61 | निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा, यदि '+' और ' ÷ ' को परस्पर बदल दिया जाए तथा ' - ' और ' x ' को परस्पर बदल दिया जाए?<br><br>168 + 42 x 14 - 9 ÷ 207 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 77 |
| | ✓ B. 85 |
| | ✗ C. 72 |
| | ✗ D. 81 |

| Q.62 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>CUM150, MEW136, WOG122, GYQ108, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. QCA94 |
| | ✓ B. QIA94 |
| | ✗ C. QIB94 |
| | ✗ D. OIA94 |

| Q.63 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>4 6 12 14 28 ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 30 |
| | ✗ B. 29 |
| | ✗ C. 31 |
| | ✗ D. 32 |

| Q.64 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन:<br>सभी कीवी, केला हैं।<br>सभी केले, आम हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): सभी कीवी, आम हैं।<br>(II): कुछ आम, केला हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✓ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |

| Q.65 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, NHRX का संबंध एक निश्चित तरीके से RFVV से है। उसी प्रकार, VDZT का संबंध ZBDR से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DZHP का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. HXLN |
| | ✗ B. IYLO |
| | ✗ C. GYMO |
| | ✗ D. GWKM |

| Q.66 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'STAR' को '3451' और 'RATE' को '4375' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4 |
| | ✓ B. 7 |
| | ✗ C. 5 |
| | ✗ D. 3 |

| Q.67 | A, B, C, D, W, X और Y एक गोल मेज के परित: केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>A, X के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C के बायीं ओर से गिने जाने पर X और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। W के दायीं ओर से गिने जाने पर B और W के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, B का निकटतम पड़ोसी है। Y के दायीं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. A |
| | ✗ B. W |
| | ✗ C. C |
| | ✗ D. D |

| Q.68 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एक-अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।<br><br>(बाएँ) 3 1 4 6 9 3 5 7 7 9 3 8 6 3 4 4 2 4 7 3 3 8 7 2 2 7 1 (दाएँ)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. शून्य |
| | ✗ B. तीन |
| | ✓ C. एक |
| | ✗ D. दो |

| Q.69 | यदि 'E' का अर्थ '+' है, 'F' का अर्थ '−' है, 'G' का अर्थ '×' है और 'H' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>72 H 8 G 2 E 10 F 5 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 21 |
| | ✗ B. 27 |
| | ✗ C. 25 |
| | ✓ D. 23 |

| Q.70 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br>'A - B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है'<br>'A * B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'<br>'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'<br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'X ÷ Y + Z * P - Q' है तो X का Q से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पिता की माता |
| | ✓ B. माता की माता |
| | ✗ C. माता |
| | ✗ D. बहन |

| Q.71 | उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(17, 34, 2)<br>(13, 39, 3) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (11, 55, 3) |
| | ✗ B. (14, 42, 4) |
| | ✗ C. (15, 25, 2) |
| | ✓ D. (12 , 60 , 5) |

| Q.72 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।)<br><br>(बाएं) 1 2 8 4 6 9 5 8 8 7 9 2 6 6 5 8 6 3 1 1 4 4 6 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक सम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✗ B. तीन |
| | ✓ C. चार |
| | ✗ D. दो |

| Q.73 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>50 C 30 B 4 A 12 D 27 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 35 |
| | ✗ B. 34 |
| | ✗ C. 36 |
| | ✓ D. 33 |

| | |
|---|---|
| Q.74 | दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br>(बाएं) 6 2 5 4 7 3 9 1 6 7 4 2 1 8 6 4 9 8 3 9 2 7 1 5 1 7 2 (दाएं)<br>ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है? |
| Ans | ✗ A. तीन से अधिक |
| | ✗ B. एक |
| | ✓ C. तीन |
| | ✗ D. दो |

| | |
|---|---|
| Q.75 | दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>11 14 19 26 ? |
| Ans | ✗ A. 30 |
| | ✓ B. 35 |
| | ✗ C. 31 |
| | ✗ D. 32 |

| | |
|---|---|
| Q.76 | सरिता बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करती है और पश्चिम की ओर 8 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, 5 km ड्राइव करती है, बाएं मुड़ती है और 5 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 6 km ड्राइव करती है। अंत में वह बाएं मुड़ती है, 3 km ड्राइव करती है और बिंदु P पर रुक जाती है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।) |
| Ans | ✗ A. पश्चिम की ओर 16 km |
| | ✓ B. उत्तर की ओर 11 km |
| | ✗ C. दक्षिण की ओर 8 km |
| | ✗ D. पूर्व की ओर 5 km |

| | |
|---|---|
| Q.77 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी बिल्ली, स्तनधारी हैं।<br>कोई स्तनधारी, पालतू पशु नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ पालतू पशु, बिल्ली हैं।<br>(II) कोई बिल्ली, पालतू पशु नहीं है। |
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.78 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, YPMW का संबंध एक निश्चित तरीके से CLPT से है। उसी प्रकार, GHSQ का संबंध KDVN से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OZYK का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
| Ans | ✓ A. SVBH |
| | ✗ B. TVAG |
| | ✗ C. UWCH |
| | ✗ D. RWAI |

| Q.79 | A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के दाईं ओर से गिनने पर, F और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B के दाईं ओर से गिनने पर, B और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के दाईं ओर से गिनने पर, F और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F के बाईं ओर से गिनने पर, F और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4 |
| | ✗ B. 2 |
| | ✓ C. 1 |
| | ✗ D. 3 |

| Q.80 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. OK-PM |
| | ✗ B. IE-JG |
| | ✗ C. KG-LI |
| | ✓ D. MI-NL |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | जनवरी 2025 में प्रकाशित पुस्तक 'वाइल्ड फिक्शन्स: एसेज (Wild Fictions: Essays)' किसने लिखी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. नंदिनी पुरंदरे |
| | ✗ B. शांतनु भट्टाचार्य |
| | ✗ C. आरिया एबर |
| | ✓ D. अमिताव घोष |

| Q.82 | मई 2025 में 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स कहाँ आयोजित किए गए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उत्तर प्रदेश |
| | ✓ B. बिहार |
| | ✗ C. नई दिल्ली |
| | ✗ D. महाराष्ट्र |

| Q.83 | 2023 तक की स्थिति के अनुसार, भारत में कितने वन्यजीव अभयारण्य हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 573 |
| | ✗ B. 585 |
| | ✗ C. 655 |
| | ✗ D. 623 |

| Q.84 | जून 2025 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा, राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के मुख्यालय का उद्घाटन कहां किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. मैसूर, कर्नाटक |
| | ✓ B. निजामाबाद, तेलंगाना |
| | ✗ C. भोपाल, मध्य प्रदेश |
| | ✗ D. कानपुर, उत्तर प्रदेश |

| Q.85 | निम्नलिखित में से किस राज्य ने जून 2025 में विद्यार्थियों के लिए आपदा तैयारी पहल, सुरक्षित शनिवार (Safe Saturday) लॉन्च की है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उत्तर प्रदेश |
| | ✓ B. बिहार |
| | ✗ C. असम |
| | ✗ D. झारखंड |

| | |
|---|---|
| Q.86 | **मई 2025 में, सूडान की सेना ने दो वर्ष के गृह युद्ध के बाद निम्नलिखित में से किसे नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया?** |
| Ans | ✗ A. दफ़ल्लाह अल-हज अली (Dafallah al-Haj Ali) |
| | ✗ B. उस्मान हुसैन (Osman Hussein) |
| | ✗ C. अब्दुल्ला हमदोक (Abdalla Hamdok) |
| | ✔ D. कामिल अल-ताएब इदरीस (Kamil al-Taib Idris) |

| | |
|---|---|
| Q.87 | **मई 2025 में, निम्नलिखित में से किस संस्था ने औपचारिक रूप से छह सदस्यीय पैनल वाले भुगतान नियामक बोर्ड (PRB) के गठन की घोषणा की, जो देश की भुगतान प्रणालियों का पर्यवेक्षण करेगा?** |
| Ans | ✗ A. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड |
| | ✗ B. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक |
| | ✔ C. भारतीय रिजर्व बैंक |
| | ✗ D. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक |

| | |
|---|---|
| Q.88 | **अप्रैल 2025 में भारत ने किस देश के साथ एक महत्वपूर्ण रक्षा समझौता ज्ञापन (JCBL समूह के माध्यम से) पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य भारत की घरेलू रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाना है?** |
| Ans | ✗ A. मिस्र |
| | ✗ B. कतर |
| | ✗ C. जापान |
| | ✔ D. स्लोवाकिया |

| | |
|---|---|
| Q.89 | **AIFF अवार्ड्स 2025 में निम्नलिखित में से किसे, वुमेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया?** |
| Ans | ✗ A. सुजाता कर (Sujata Kar) |
| | ✔ B. सौम्या गुगुलोथ (Soumya Guguloth) |
| | ✗ C. पंथोई चानू (Panthoi Chanu) |
| | ✗ D. तोइजाम थोइबिसाना चानू (Toijam Thoibisana Chanu) |

| | |
|---|---|
| Q.90 | **मई 2025 में विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप का 58वां संस्करण कहाँ आयोजित किया गया था?** |
| Ans | ✗ A. बर्लिन, जर्मनी |
| | ✗ B. टोक्यो, जापान |
| | ✗ C. पेरिस, फ्रांस |
| | ✔ D. दोहा, कतर |

| | |
|---|---|
| Q.91 | **जनवरी 2025 में, नई दिल्ली में इंडिया ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?** |
| Ans | ✗ A. चेन लोंग (Chen Long) |
| | ✗ B. केंटो मोमोटा (Kento Momota) |
| | ✔ C. विक्टर एक्सेलसन (Viktor Axelsen) |
| | ✗ D. ली चेउक यिउ (Lee Cheuk Yiu) |

| | |
|---|---|
| Q.92 | **अप्रैल 2025 में, निम्नलिखित में से कौन-सा शहर, रेतीले तूफानों से बुरी तरह प्रभावित हुआ था, जिससे उड़ानों में भारी रुकावटें आई थीं?** |
| Ans | ✗ A. नई दिल्ली, भारत |
| | ✗ B. बीजिंग, चीन |
| | ✔ C. बसरा, इराक |
| | ✗ D. दुबई, UAE |

| Q.93 | 2025 में, शुभांशु शुक्ला ने .................. का अध्ययन करने के लिए मूंग और मेथी के बीजों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर प्रयोग किया। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अंतरिक्ष की परिस्थितियों में मृदा पोषक चक्रण |
| | ✓ B. सूक्ष्मगुरुत्व स्थितियों में बीज अंकुरण |
| | ✗ C. पृथ्वी पर उच्च उपज वाले तिलहन उत्पादन |
| | ✗ D. सामान्य कीटनाशकों के प्रति फलियों का प्रतिरोध |

| Q.94 | ई-गवर्नेंस पर 28वां राष्ट्रीय सम्मेलन (NCeG), जून 2025 के दौरान _______________ में आयोजित किया गया था। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. विशाखापत्तनम |
| | ✗ B. बेंगलुरु |
| | ✗ C. कोलकाता |
| | ✗ D. चेन्नई |

| Q.95 | निम्नलिखित में से कौन-सा लोक कलाकार 2025 में पद्मश्री जीतने वाला प्रथम ढाकी (dhaki) बन गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. लिएंडर पेस |
| | ✗ B. अनंत नाग |
| | ✗ C. मैरी कॉम |
| | ✓ D. गोकुल चंद्र दास |

| Q.96 | फरवरी 2025 में, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड ने किस कंपनी के साथ सर्कुलर प्लास्टिक और सतत रसायन बनाने हेतु शुद्ध पायरोलिसिस तेल के उत्पादन हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. जेपी केमिकल्स, जयपुर (Jaypee Chemicals, Jaipur) |
| | ✗ B. टाटा केमिकल्स लिमिटेड, मुंबई (Tata Chemicals Ltd, Mumbai) |
| | ✓ C. एपीकेमी प्राइवेट लिमिटेड, नवी मुंबई (APChemi Pvt. Ltd, Navi Mumbai) |
| | ✗ D. अडानी केमिकल्स लिमिटेड, अहमदाबाद (Adani Chemicals Ltd, Ahmedabad) |

| Q.97 | 28 अप्रैल 2025 को, भारत ने 26 राफेल-मरीन लड़ाकू जेट विमानों के अधिग्रहण के लिए किस देश के साथ ₹63,000 करोड़ के एक बड़े रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. फ्रांस |
| | ✗ B. ब्राज़ील |
| | ✗ C. रूस |
| | ✗ D. डेनमार्क |

| Q.98 | मार्च 2025 में, किस देश के केंद्रीय बैंक ने स्थानीय मुद्राओं में सीमा-पार लेनदेन को सक्षम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. संयुक्त अरब अमीरात |
| | ✗ B. श्रीलंका |
| | ✗ C. सिंगापुर |
| | ✓ D. मॉरीशस |

| Q.99 | जुलाई 2025 में गंगा नदी के तट पर वाराणसी में आयोजित युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्या था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ग्रामीण उद्यमिता में स्थानीय युवाओं को सहयोग प्रदान करना |
| | ✗ B. नदी संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना |
| | ✗ C. साक्षरता के लिए डिजिटल उपकरणों के उपयोग को प्रोत्साहित करना |
| | ✓ D. नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध राष्ट्रीय संकल्प को बढ़ावा देना |

| | |
|---|---|
| Q.100 | **द्वितीय ग्लोबल सर्वाइकल कैंसर एलिमिनेशन फोरम (Global Cervical Cancer Elimination Forum) कहाँ आयोजित किया गया?** |
| Ans | ✗ A. जकार्ता, इंडोनेशिया |
| | ✓ B. बाली, इंडोनेशिया |
| | ✗ C. किगाली, रवांडा |
| | ✗ D. कार्टाजेना, कोलंबिया |

"